## खबर संक्षेप

### आयुष विभाग द्वारा ग्राम बलवाड़ी में आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर



**बडवानी ।** जिले के ग्राम बालवाड़ी में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आयुष विभाग द्वारा निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 345 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषधि वितरीत की गयी। साथ ही स्वस्थ्य एवं निरोगी जीवन हेतु योगासन का प्रशिक्षण दिया गया शिविर में डॉ टी.एस. मेहता, डॉ शीतल कुमार सोलंकी आयुर्वेद शल्य विशेषज्ञ, डॉ अनुरूची सोलंकी, डॉ बी आर सेनानी, डॉक्टर बद्री जादव, डॉ.जी.एल.डुडवे डॉ. दिलीप सोलंकी एवं सहयोगी स्टाफ नासिर खान,अंतरसिंह नरगावे, कालसिंह आर्य, संजय बरडे ने अपनी सेवाएं दी।

### फसलों के अवशेष जलाने की घटनाओं के रोकथाम के लिए जारी किया गया प्रतिबंधात्मक आदेश

**इन्दौर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इंदौर जिले में फसलों के अवशेष नरवाई को जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश नेशनल ग्रीन टिब्युनल द्वारा समय-समय पर प्रदेश में फसलों विशेषतः गेहूँ की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने संबंधी जारी प्रतिबंधित निर्देश के परिपालन में जारी किये गये है। इन्दौर जिले के अंतर्गत फसल अवशेषों रोकथाम, पर्यावरण सुरक्षा, आमजन एवं जीव जन्तुओं की जीवन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) (2) भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। आदेश में कहा गया है कि इंदौर जिले में किसी भी व्यक्ति द्वारा फसलों विशेषतः गेहूँ की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों (नरवाई) को खेतों में जलाये जाने की कार्यवाही की जाती है, तो उसके विरूद्ध इस आदेश का उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### समर्थन मूल्य पर तुअर की खरीदी हेतु जिले में बनाये गये 21 खरीदी केन्द

**बडवानी।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर तुअर विक्रय के लिए पंजीयन किसानों द्वारा स्वयं के मोबाईल अथवा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों, सहकारी विपणन समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र से निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था है। एमपी ऑनलाईन, कामन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र पर सशुल्क पंजीयन करा सकते है। तुअर का पंजीयन 20 अप्रैल तक किया जावेगा, पंजीयन में खाता खसरा या पावती की छायाप्रति, समग्र आईडी, मोबाईल नंबर एवं आधार कार्ड । सभी किसानों को आधार नंबर से लिंक बैंक खाते की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगी। तुअर उपार्जन के लिए ये बनाये गये है खरीदी केन्द्र तुअर का उपार्जन हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था तलवाड़ा बुजुर्ग, बड़वानी, बोरलाय, सिलावद, पाटी, अंजड़, तलवाडा डेब, रणगांव डेब, ठीकरी, दवाना, ब्राहमणगांव, ओझर, राजपुर, पलसुद, बलवाडी, धनोरा, निवाली, पानसेमल एवं खेतिया, खाण्डेराव सहकारी विपणन संस्था मर्या राजपुर, सेंधवा सहकारी विपणन संस्था मर्या सेंधवा में किसान बंन्धु अपना पंजीयन करा सकते है।

### आज होगा युवा संगम का आयोजन

**बडवानी।** मध्यप्रदेश शासन की रोजगारोन्मुखी योजनान्तर्गत जिला रोजगार कार्यालय एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बड़वानी के संयुक्त तत्वाधान मे युवाओं को निजी क्षेत्र मे रोजगार / स्वरोजगार/अप्रेन्टिशिप के अवसर मुहैया कराने हेतु कलेक्टर के मार्गदर्शन मे 16 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परिसर बड़वानी में युवा संगम का आयोजन किया जावेगा । जिला रोजगार अधिकारी श्री टीएस डूडवे से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित युवा संगम मे निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा विभिन्न पदो पर युवाओं का साक्षात्कार पश्चात चयन की कार्यवाही की जावेगी । साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बड़वानी द्वारा स्वरोजगार हेतु ऋण प्राप्त हितग्राहियों को आमंत्रित किया जावेगा तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बड़वानी द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण आवेदकों को अप्रेन्टिशिप के लिए चयन किया जावेगा । उक्त युवा संगम तीनों विभागों के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जावेगा ।

*राखी बुजुर्ग में वाटरशेड यात्रा का किया गया आयोजन*

# जल को बचाना है सुसरी नदी पर बनेगा बांध : विधायक

**पीपुल्स प्रवक्ता, बडवानी ।**

जनपद पंचायत पानसेमल के अंतर्गत वाटरशेड यात्रा व जल संवर्धन अभियान के तहत ग्राम राखी बुजुर्ग में विधायक श्री श्याम बर्डे में अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए उक्त बात कही । विधायक श्री बर्डे ने कहा कि जनपद पंचायत की 12 पंचायत में वाटरशेड मिशन के तहत विभिन्न कार्य हो रहे जिसका मुख्य उद्देश्य है कि हर परिस्थिति में गांव का पानी गांव में शहर का पानी शहर में रोकना है ।



कई वर्षो से प्रयासो के पश्चात बाद राखी बुजुर्ग के निकट सुसरी नदी पर एवं कालाअम्बा बांध बनाए जाने की स्वीकृति मिली। इससे जल संग्रहण होगा जिससे सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा,किसानों को मदद मिलेगी, उनका विकास होगा देश का विकास होगा । उन्होंने आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम भूखे पेट रह सकते पर पानी नही पिये, पानी न मिले तो हमारी हालत कैसी हो जाएगी । सबसे पहले संकल्प करें कि पानी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे, जल का संग्रहण करेंगे और जल संग्रहण के लिए वाटर शेड मिशन की योजनाओं के लिए सरकार के साथ खड़े रहकर सरकार का सहयोग करेंगे। किसानों को सिंचाई के लिए जल मिले इसलिए ही प्लांनिग कर योजनाओ का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के आरंभ में जल कलश यात्रा निकाली गई एवं वाटरशेड मिशन यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया । इस दौरान विधायक ने प्रधानमंत्री द्वारा योजना के तहत किसान सेवा केंद्र का भी शुभारंभ कर पौधारोपण भी किया । प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास अंतर्गत परियोजना क्रमांक 4 जनपद पंचायत पानसेमल की ग्राम पंचायत राखी बुजुर्ग में वाटरशेड यात्रा आयोजित हुई। वाटरशेड परियोजनाओं की 12 ग्राम पंचायतों में अभी तक किए गए जल व मृदा संरक्षण के कार्यों की जानकारी के साथ-साथ वाटरशेड यात्रा हेतु शासन से आए हुवे रथ को हरी झंडी देकर जागरूकता का संदेश दिये ।

जनपद क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चल रहे कार्यों का ब्यौरा दिया गया, साथ ही स्कूल के बच्चो द्वारा जल बचाव व पौध संरक्षण पर चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता व वाटरशेड योद्धा को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को सील्ड, मेडल व ट्राफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेतिया मण्डल के समस्त जनप्रतिनिधि, समस्त जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत से जिला परियोजना अधिकारी श्री भागीरथ पाटीदार, जनपद पंचायत सीईओ श्री विरल पटेल, योजना के उपयंत्री श्री जिवेन्द्रसिंह बघेल, बीसी एवं 12 ग्राम पंचायतो के सरपंच, भीमा नायक फार्मर प्रोड्यूशन कम्पनी राखीबुजुर्ग के डायरेक्टर, सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन श्री श्याम वास्कले ने तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का जिला परियोजना श्री भगवती पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

## मंदसौर के सरकारी अस्पताल का वीडियो जारी करने के संबंध में प्रकाशित समाचारो के संबंध में वस्तुथिति

**पीपुल्स प्रवक्ता, मंदसौर ।**

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय द्वारा बताया गया कि, विगत दिनों समाचार पत्रों में ÷मंदसौर के सरकारी अस्पताल का वीडियो जारी होने के संबंध समाचार प्रकाशित हुए है उक्त संबंध में वस्तुथिति स्पष्ट की है। जिला चिकित्सालय के प्रत्येक वार्ड में नर्सिंग स्टेशन है जिस पर 24ङ्ग7 नर्सिंग ऑफीसर्स की उपलब्धता रहती है। वार्ड में भर्ती मरीजों को जब भी बॉटल लगाई जाती है उस दौरान आवश्यकता होने पर (जैसे-बाथरूम जाना, ठंड लगना) मरीज के परिजन नर्सिंग स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग ऑफीसर का सूचित किये जाने पर नर्सिंग ऑफीसर द्वारा मरीज के पास उपस्थित होकर आवश्यकता अनुसार उपचार/कार्यवाही की जाती है। उक्त घटना के संदर्भ में मरीज के परिजन द्वारा ड्यूटी पर तैनात नर्स को सूचित नहीं कर स्वयं ही मरीज को वॉशरूम ले जाने के लिय बॉटल को हाथ में उठाकर ले गये एवं इसी दौरान मरीज के परिजन रोलर स्विच को एडजस्ट कर रहे थे, उसी दौरान उक्त वीडियो जो कि मात्र 20 सेकेण्ड का है। शूट किया जाकर सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया। नर्सिंग ऑफीसर के द्वारा बताया गया कि यह वीडियो पुराना है। उक्त घटना के पश्चात् वार्ड में उपस्थित नर्सिंग ऑफीसर द्वारा मरीज एवं उनके परिजनों को समझाईश दी गई कि आवश्यकता होने पर वार्ड में नर्सिंग स्टेशन पर सूचित करने के पश्चात् ही वॉशरूम जायें। जिला चिकित्सालय में इलेक्ट्रीशियन एवं अन्य सहायक कर्मचारी कार्यरत हैं वार्ड इंचार्ज, नर्सिंग ऑफीसर मेट्रन, स्टीवर्ड, आर.एम.ओ. एवं मेरे द्वारा समय-समय पर चिकित्सालय का राउंड लेकर व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाती हैं। वीडियो में दिखाये अनुसार वार्ड में पंखा चलते-चलते रूक जाने पर वार्ड के ही कर्मचारी द्वारा पंखे को ठीक करने के उद्देश्य से चलाकर देखा गया एवं उसके पश्चात् इलेक्ट्रीशियन को बुलवाकर पंखे को तुरंत दुरूस्त कराया गया। जिला चिकित्सालय मंदसौर में लगभग 600 पंखे क्रियाशील अवस्था में है।

## सरवन में देवरण्य योजना अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**पीपुल्स प्रवक्ता, रतलाम ।**

राज्य औषधिय पादप बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री राजेश बाथम के मार्गदर्शन में सैलाना ब्लॉक के ग्राम सारवन में देवरण्य योजना के अंतर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को तुलसी की पुनर्योजी खेती, उसकी उद्यानिकी महत्वता, और योजना से जुड़ी विभिन्न तकनीकी जानकारियां देना रहा।कार्यक्रम में सॉलिडरिडाड संस्था से श्री बलराम खराड़ी ने किसानों को पुनर्योजी (रिजेनेरेटिव) खेती के सिद्धांतों की जानकारी दी और विशेष रूप से तुलसी की जैविक खेती में मिट्टी के स्वास्थ्य और संरक्षण के महत्व को समझाया।

उद्यानिकी विभाग से श्री अखिलेश पाटीदार ने तुलसी के उद्यानिक पहलुओं जैसे रोपण समय, पौध प्रबंधन, जल प्रबंधन और भंडारण आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।डॉ. आशीष राठौर, जिला आयुष अधिकारी ने किसानों को देवरण्य योजना की रूपरेखा, उद्देश्य, तथा एक जिला एक उत्पाद के तहत तुलसी के चयन के पीछे की सोच से अवगत कराया। उन्होंने किसानों को तुलसी की विभिन्न किस्मों जैसे औषधि तुलसी तथा सुगंधित तुलसी आदि की खेती के लिए आवश्यक मिट्टी का क्द्ध, रोपण , भंडारण, प्राथमिक प्रसंस्करण आदि के बारे में जानकारी किसानों से साझा की तथा किसानों से आग्रह किया कि वे इस योजना से जुड़कर औषधीय फसलों की ओर कदम बढ़ाएं।

आत्मा विभाग से तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार द्वारा किसानों को नवीन कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही तकनीकी सहायता एवं लाभ लेने की प्रक्रिया को भी समझाया गया।ग्राम सरवन के किसानों ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई और तुलसी की खेती को एक नवाचारी और लाभकारी आजीविका विकल्प के रूप में अपनाने की रुचि जताई। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर एवं सुझाव सत्र के साथ हुआ, जिसमें किसानों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर लाभ उठाया।

## किसान भाई उर्वरकों का अग्रिम भण्डारण करें

**पीपुल्स प्रवक्ता, रतलाम ।**

प्रदेश शासन द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय द्वारा अग्रिम भण्डारण की योजना लागू की गई है। उक्त योजना 31 मई तक लागू रहेगी। किसान भाई आवश्यकतानुसार रासायनिक उर्वरकों का अग्रिमण भण्डारण करें।उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलमसिंह चौहान ने बताया कि वर्तमान में यूरिया 6294, डीएपी 1492, पोटाश 1257 तथा काम्पलेक्स 6425 मैट्रिक टन रासायनक खाद का मात्र जिले में भण्डारण है। खरीफ वर्ष 2025 में किसानों को रासायनिक उर्वरकों की अत्यधिक आवश्यकता होगी। किसान भाई योजना का लाभ लेते हुए अग्रिम भण्डारण कर लें, ताकि किसी भी परेशानी का सामना न करना पडे।

## जिले में लोकमाता देवी अहिल्या बाई त्रिशताब्दी समारोह का आयोजन

**सभी शालाओं में निबंध, वाद-विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन**

**पीपुल्स प्रवक्ता, नीमच।**

लोकमाता देवी अहिल्या बाईजी होल्कर त्रिशताब्दी समारोह जिले के सभी शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उनके जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी त्रि-शताब्दी कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें उनके जीवन और कृतित्व से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों को अपनाने का अवसर प्रदान करता है। यह कार्यक्रम न केवल देवी अहिल्या बाई के जीवन को याद करने का अवसर है, बल्कि उनके आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करने का भी अवसर है । उनके आदर्शो,कर्तव्य प्रेरणा से आज के नवयुवकों का भी मार्ग प्रशस्त हो इस उदेश्य से जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता,वाद-विवाद प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं।



कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव व जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुजानमल मांगरिया के निर्देशानुसार जिले के सभी हाई स्कूल व हायर सेकण्डरी विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यार्थियों को स्मार्ट बोर्ड व इंटरेएक्टिव पैनल के माध्यम से लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी के जीवन वृतान्त एवं कार्यो पर आधारित वृत चित्र का प्रदर्शन किया गया। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी नीमच ने दी हैं।

## सरस्वती समुदाय प्रशिक्षण केंद्र बागली में आजीविका पुस्तकालय एवं ज्ञान केंद्र का शुभारंभ

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास ।**

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के नेतृत्व में देवास जिले के विकासखंड बागली में स्व सहायता समुहों के परिसंघ द्वारा संचालित सरस्वती समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र में आजीविका पुस्तकालय एवं ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया गया। आजीविका ज्ञान केंद्र की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं एवं बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु गुणवत्तापूर्ण स्थान एवं निशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना है, जिससे वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकें। यहाँ पर विभिन्न विषयों की पुस्तकें जैसे सामान्य ज्ञान, गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेज़ी, करेंट अफेयर्स, बैंकिंग, स्स्ष्ट, रेलवे तथा अन्य सरकारीनौकरियों की तैयारी से संबंधित किताबें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय के माध्यम से समुह सदस्यों के बच्चे, स्वयं 12वीं या इससे अधिक पढी लिखी महिलायें या अन्य ग्रामीण या गरीब परिवारों के बच्चे निःशुल्क शिक्षा तथा सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे और अपना भविष्य संवार सकेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल श्रीमती हर्षिका सिंह का मानना है कि संकुल स्तरीय संगठनों की पदाधिकारियों से लगातार चर्चा एवं समुह में शामिल होने से उनके व्यक्तिगत, पारीवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन एवं अनुभवों? ने बहुत प्रभावित किया, अनुभव के दौरान इन संगठनों के विजन इनकी सोच में एक सपना यह भी था कि स्वयं पढें-सबको पढ़ायें तथा औरों को भी आगे बढ़ायें। इन बहनों की इसी उम्मीद की परिकल्पना है, आजीविका पुस्तकालय एवं ज्ञान केंद्र।

यहां समुह सदस्यों के बच्चे, स्वयं 12वीं या इससे अधिक पढी लिखी महिलायें या अन्य ग्रामीण या गरीब परिवारों के बच्चे निःशुल्क शिक्षा तथा सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे और अपना भविष्य संवार सकेंगे। आजीविका पुस्तकालय की स्थापना पर सीईओ जनपद श्री राजू मेढ़ा ने दीदीयों को इस कार्य के लिये बधाई दी।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए 31 मई तक आवेदन आमंत्रित

**देवास ।** जिला खेल अधिकारी देवास ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए 31 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी से 31 मई तक आवेदन कर सकते है। खेलवृत्ति हेतु आवेदन जिला कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग कुषाभाऊ ठाकरे स्टेडियम विकास नगर देवास से प्राप्त कर सकते है। खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिषा-निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

*कलेक्टर द्वारा एक आवेदक को 15 हजार, एक आवेदिका को 10 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई*

**पीपुल्स प्रवक्ता, झाबुआ।**

कलेक्टर नेहा मीना द्वारा मंगलवार को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई ली गई। आवेदक श्री विजय पिता मुन्ना भूरिया निवासी ग्राम माकनकुई जिला झाबुआ द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि आवेदक राजगढ़ से अपने घर जाते समय रास्ते में मोटर साईकिल की टक्कर होने से अपना ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय में करवाया गया है। ईलाज करवाने हेतु आर्थिक रूप से असक्षम है। आवेदक ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। आवेदिका श्रीमती खेतू पति खीमा डामोर निवासी ग्राम खेड़ी तहसील एवं जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि पति की मृत्यु हो चुकी है तथा आवेदिका के माता-पिता की भी मृत्यु हो चुकी है। आवेदिका के छोटे-छोटे बच्चे है जिनका पालन-पोषण करने तथा जीवन यापन करने में उनको कठिनाईयां हो रही है। आवेदक ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।



आवेदिका श्रीमती अन्नपूर्णा बेन कानूभाई कोली निवासी सिद्धेश्वर कॉलोनी तहसील व जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि आवेदिका वृद्ध होने के कारण मजदूरी नहीं कर सकती है। स्वयं का जीवन यापन करने में आर्थिक रूप से असक्षम है। आवेदिका ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदिका को 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। आवेदक श्री लिमसिंह पिता जुवानसिंह गामोड निवासी बामन सेमलिया तहसील झाबुआ द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत बामन सेमलिया के अंतर्गत मेन रोड़ से डेम तक एवं शमसान घाट तक नवीन रोड़ निर्माण करवाये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।आवेदक कसना पिता राणा पारगी निवासी तान्दलादरा तहसील मेघनगर द्वारा बताया गया कि प्रार्थी की मालिकी की भूमि पर पेट्रोल पम्प लगाकर कब्जा करने व नप्ती नहीं करने देने पर नप्ती करवाने के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक समस्त ग्रामीणजन ग्राम अनुपूरा द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत मोरझरी के ग्राम गोमलीसाथ फलिया में नवीन उचित मूल्य की दुकान पूर्व में संचालित राशन दुकान पर रखा जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत लोहारिया द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत लोहारिया के हीराखानदन के निनामा फलिया में नवीन हेंड पम्प खनन करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर नेहा मीना द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित जनसुनवाई में कुल 51 आवेदन आए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, समस्त विभाग के जिला अधिकारी एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।